# दुकान में घुस 16.25 लाख लूटने वाले पूर्व कर्मचारी समेत तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हौज खास इलाके में दुकान के भीतर शख्स पर हमला कर लूटपाट करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। इसमें एक आरोपी दुकान पर पहले नौकरी कर चुका है। इनके पास से लूटे गये 16.25 लाख रुपये में से 8,30,900 रुपए बरामद हो गये हैं। आरोपियों के नाम रवि गुडिया, आकाश गुडिया और गगनदीप सिंह है।

डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि 22 जनवरी को एम्स ट्रॉमा सेंटर से एक शख्स को जख्मी हालत में भर्ती किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि घायल 39 वर्षीय शख्स ने बताया कि 21-22 जनवरी की दरम्यानी रात करीब पौने तीन बजे वह दुकान में सो रहा था। आंख खुलने पर वह दुकान से बाहर वॉशरूम गया। वापस आने पर वह दुकान का दरवाजा बंद कर सो गया। इस बीच दो युवक पहले से ही दुकान में घुस चुके थे। उन्होंने पीड़ित के सिर पर हथौड़े और पिस्टल की बट से वार किये। इसके बाद उन्होंने दुकान के लॉकर की चॉबी मांगी। आरोपी लॉकर में रखे 16.25 लाख रुपए निकाल फरार हो गए। इस घटना की बाबत हौज खास थाने में लूट का केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पता चला कि बदमाशों ने वारदात के वक्त ग्लव्स पहने हुए थे। इस वजह से फिंगर प्रिंट के निशान नहीं मिल सकें थे। सीसीटीवी फुटेज में नजर आए चार संदिग्ध लोगों को पुलिस ने चिन्हित किया। टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से दो की पहचान जितेन्द्र और रवि के रूप में हुई। वहीं दुकान के बाहर नजर रख रहे दो अन्य के नाम आकाश और गगनदीप पता चले। करीब पांच सौ सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक करने के बाद सबसे पहले बागपत से आकाश को पकड़ा गया। इसके पास से 3.8 लाख रुपए मिले। इसकी निशानदेही पर रवि और गगनदीप को पकड़ा गया। इनमें गगनदीप से 33 हजार रुपए और रवि से करीब चार लाख रुपए बरामद हुये। अब पुलिस को जितेन्द्र की तलाश है। फरारी के दौरान वह करीब एक लाख रुपए से भरा बैग अपने ठिकाने पर छोड़ गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी जितेन्द्र पीड़ित की दुकान पर नौ महीने पहले काम करता था, जिसे शिकायतकर्ता ने निकाल दिया था और बाद में उसने पास की स्टेशनरी की दुकान में नौकरी शुरू की थी। इसी ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर लूट की प्लानिंग की थी। महरौली इलाके के रहने वाले आरोपी रवि गुडिया पर आठ मामले दर्ज पाये गये।

**खास बात**
- आठ लाख से ज्यादा बरामद, हौज खास इलाके का मामला



## चीन और दुबई से जुड़े रैकेट के तार

# ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर ठगी करने वाले इंटरनेशनल रैकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने ठगी करने वाले एक इंटरनेशनल रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को अरेस्ट किया गया है। इनके तार चीन और दुबई से जुड़े होने के सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। आरोपियों के खातों में करीब 15 लाख की रकम भी पुलिस ने फ्रिज करवाई है।

डीसीपी देवेश कुमार महला ने बताया कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर रोहिणी की रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनसे अमेजन कंपनी के लिये ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम के एवज में एक लाख 18 हजार रुपये ठगे गये हैं। उन्हें इंस्टाग्राम पर दिये गये विज्ञापन के जरिये लुभाया गया था। जांच में पता चला कि जिस टेलीग्राम को भेजा गया था वह बीजिंग, चीन से ऑपरेट हो रही थी। पुलिस ने एनपीसीआई और कोटक महिंद्रा बैंक को मेल लिख संदिग्ध लेनदेन के लाभार्थी का विवरण मांगा था। बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पता चला कि पीड़ितों से पैसे जमा करने के लिए उस दिन कृष्णा एंटरप्राइजेज के नाम से एक शेल कंपनी के खाते का उपयोग किया गया था। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि 22 कुल 5,17,58,114 रुपये जमा किए गए थे। कृष्णा एंटरप्राइजेज के आगे के मनी ट्रेल में यह पता चला कि पूरी राशि को सात अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से आगे बढ़ाया गया था। पैसे की हेराफेरी क्रिप्टो करेंसी के जरिए विदेशी खातों में भेजी गई। बैंक से पुलिस को एक मोबाइल नंबर मिला जोकि उक्त कंपनी के खाते से जुड़ा हुआ था। उसका उपयोग नेट बैंकिंग आदि के लिए मोबाइल नंबर सतीश यादव निवासी नजफगढ़ का था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच में उसने खुलासा किया कि अभिषेक गर्ग निवासी गुड़गांव ने उसे वह सिम कार्ड दिया था। आरोपी अभिषेक गर्ग के मोबाइल फोन की जांच की गई और ठगी में उसकी भूमिका की पुष्टि होने के बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद तीसरे आरोपी संदीप महला तक भी पुलिस

**खास बात**
- आउटर नॉर्थ जिले की पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार



## दूल्हे के गले से नोटों की माला तोड़ फरार होने वाला किशोर दबोचा

मायापुरी इलाके में घुड़चढ़ी की तैयारी कर रहे दूल्हे के गले से पांच पांच सौ रुपये के नोटों की माला तोड़ किशोर फरार हो गया। माला 1,64,500 रुपए की थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल और नाबालिग आरोपी को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया। इसकी निशानदेही पर अभी पांच सौ रुपए के 79 नोट ही बरामद किए गए हैं। पुलिस बाकी रकम बरामद करने की कोशिश कर रही है। डीसीपी घनश्याम बंसल के अनुसार 25 जनवरी को मायापुरी थाने को इस संबंध में शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके दूल्हे भाई की गले में पहनी हुई पांच सौ रुपए नोटों की माला छीनकर एक लड़का भाग गया है। यह घटना तब हुई जब दूल्हा घोड़ी पर बैठने वाला था। इस मामले को लेकर पुलिस ने झपटमारी का केस दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की और टैक्नीकल सर्विलांस व मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपी का पता लगा उसे इलाके से ही पकड़ लिया। वह महज 14 साल का किशोर निकला। इसकी निशानदेही पर 329 पांच सौ रुपए नोटों में से 79 नोट बरामद कर लिए गए हैं।

- दूल्हे ने पहनी थी 1,64,500 रुपए के नोटों की माला


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल अभियंता-II रेलवे नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए नई निविदा आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक **21.02.2023** को **15:00 बजे** मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली में खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | A) वरिष्ठ मण्डल अभियंता-II के अधिकार क्षेत्र में ब्रिज संख्या 40, 46, 87, 90, 102, 162, 185, 198, 225, 245, 254, 255, 238, 281, 307, 316, 342 & 414 को उठाना और मरम्मत एक्सल लौडिंग का कार्य। |
| अनुमानित लागत | 41A-22-23-W-2 IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| धरोहर राशि | 41A-22-23-W-2 IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| कार्य समापन अवधि | 41A-22-23-W-2 IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 41A-22-23-W-2 IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| समान कार्य की परिभाषा | 41A-22-23-W-2 IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |

नोट: 1. निविदा प्रपत्र की वेबसाइट www.ireps.gov.in दिनांक **07.02.2023** से **21.02.2023** के **15:00 बजे** तक डाउन लोड कर सकते हैं। **2.** निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी टेंडर दस्तावेज से देख सकते हैं।

NIT No: 41A-22-23-W-2 दिनांक: 27.01.2023 289/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**

CIN: L65999DL1985PLC019846

पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092

E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in

31 दिसम्बर 2022 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार

[सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1)(बी) देखें]

(राशि रु. में)

| क्र. सं. | विवरण | अअंकेक्षित | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2022 | समाप्त नौ माह 31 दिसम्बर 2022 | समाप्त अनुकूल तिमाही 31 दिसम्बर 2021 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 27.552 | 40.501 | (9.341) |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 24.528 | 31.368 | (13.319) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 24.528 | 31.368 | (13.319) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 25.030 | 31.861 | (13.319) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 25.030 | 31.861 | (13.319) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 211.750 | 211.750 | 211.750 |
| 7 | रिजवर्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | 1.182 | 1.505 | (0.629) |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक समाप्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
डीआईएन नं. : 07526355

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 27 जनवरी 2023



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्कल, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना